महत्वपूर्ण

# कार्यालय जिलाधिकारी/जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, जनपद देहरादून।

सम्पर्क नं0–0135–2726066, 1077, ईमेल–deoc.pgrc.ddn@gmail.com

पत्रांक 2164 /ज0आ0प्र0प्रा0/2025-26 दिनांकः 18 सितम्बर, 2025

समय - 01:30 AM

## ::आदेश::

भारत मौसम विज्ञान विभाग, देहरादून एवं एन0डी0एम0ए0 के **सचेत**, National Disaster Alert Portal द्वारा दिनांक 18 सितम्बर, 2025 को जारी अद्यतन मौसम नॉवकास्ट (प्रातः 01:25 बजे) के अनुसार दिनांक 18 सितम्बर, 2025 को **जनपद देहरादून में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी वर्षा /गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने/वर्षा के तीव्र से अति तीव्र दौर का "रेड" अलर्ट जारी किया गया है।** वर्तमान में जनपद के समस्त क्षेत्रों में मध्यम से भारी वर्षा के दृष्टिगत संवेदनशील स्थलों में भूस्खलन/त्वरित बाढ़ की सम्भावना बढ़ जाती है। जिससे किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना घटित हो सकती है। आपदा न्यूनीकरण के दृष्टिगत जनपद के कक्षा 01 से 12 तक संचालित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं और आंगनबाडी केन्द्रों में **दिनांक 18.09.2025** को एक दिन का अवकाश घोषित किया जाता है।

अतः जनपद के समस्त शासकीय/गैर शासकीय एवं निजी स्कूलों के साथ सभी आंगनबाडी केन्द्र **दिनांक 18.09.2025** को बन्द रहेंगे। मुख्य शिक्षा अधिकारी देहरादून एवं जिला कार्यकम अधिकारी देहरादून को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त समस्त शैक्षणिक संस्थाओं एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में उक्त आदेश का अनुपालन कराना सुनिश्चित करायेंगे। **यह आदेश न केवल विद्यालयी छात्र/छात्राओं अपितु विद्यालय के अध्यापकों/कार्मिकों पर भी समान रूप से लागू होगा। तदनुसार अनुपालन सुनिश्चित हो।**

ह०/
(सविन बंसल)
जिला मजिस्ट्रेट / अध्यक्ष
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
देहरादून।

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित–

1. सचिव महोदय, आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
2. वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, देहरादून।
3. मुख्य विकास अधिकारी, देहरादून।
4. अपर जिलाधिकारी (प्र०), देहरादून।
5. प्रभारी अधिकारी, आपदा प्रबंधन/नगर मजिस्ट्रेट देहरादून।
6. समस्त उपजिलाधिकारी देहरादून।
7. मुख्य शिक्षा अधिकारी, देहरादून।
8. जिला कार्यक्रम अधिकारी, देहरादून।
9. जिला सूचना अधिकारी, देहरादून।
10. जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी, देहरादून।

18.09.25
(कृष्ण कुमार मिश्रा)
अपर जिलाधिकारी वि0/रा0),/
मुख्य कार्यकारी अधिकारी,
जनपद आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण
देहरादून।